भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
10.07.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2770 का उत्तर

पुन्नाम्पाड़ी और मणप्पारै में आरओबी

2770. डॉ. टी॰आर॰ पारिवेन्धरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार का तमिलनाडु के पेराम्बुर जिले में पुन्नाम्पाड़ी और मणप्पारै में आर॰ओ॰बी॰ (रेल उपरि पुल) का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इस वित्त वर्ष के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा तमिलनाडु में कुल कितने आर॰ओ॰बी॰ का निर्माण किया जाएगा; और

(घ) गत तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु में आर॰ओ॰बी॰ का निर्माण करने के लिए कुल कितनी धनराशि निर्धारित और जारी की गई है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

पुन्नाम्पाड़ी और मणप्पारै में आरओबी के संबंध में 10.07.2019 को लोक सभा में डॉ. टी.आर. पारिवेन्धर के अतारांकित प्रश्न संख्या 2770 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): जी नहीं। तमिलनाडु के पेरम्बलूर जिला के पेन्नामपडी और मनापराई में लागत में भागीदारी के आधार पर ऊपरी सड़क पुल के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव नहीं है क्योंकि गाड़ी वाहन इकाई 1 लाख से कम है। यदि राज्य सरकार इसका निर्माण करना चाहती है, तो इसे निक्षेप शर्तों पर किया जा सकता है।

(ग): तमिलनाडु राज्य में वित्त वर्ष अर्थात् 2019-20 के दौरान 12 अदद आरओबी के निर्माण करने की योजना है।

(घ): पिछले तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु में आरओबी/आरयूबी के निर्माण के लिए वर्ष-वार आबंटन निम्नानुसार है:-

वर्ष	आबंटन (करोड़ रु. में)
2016-17	243.98
2017-18	371.04
2018-19	369.86

******